# दिनांक 14.01.2026 को प्रबंध निदेशक,वेजफेड की अध्यक्षता में हरित सब्जी संघ के वाह्य स्रोत से उपलब्ध कराये गए कर्मियों एवं CA एजेंसी के साथ संपन्न समीक्षा बैठक की कार्यवाही:-

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार |

1. PVCS में सदस्यता की समीक्षा के क्रम में हरित सब्जी संघ में कार्यभारित PMU के प्रतिनिधि म० असदुल्लाह ने बताया कि वैशाली में अब तक 07 (सात) सदस्य बनाये गए है जिस पर प्रबंध निदेशक द्वारा खेद प्रकट किया गया तथा निदेश दिया गया कि सम्बंधित मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी से इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण की माँग की जाय|

2. व्यवसाय की समीक्षा के क्रम में श्री अंकेश गौतम कृषि व्यवसाय एवं विपणन प्रबंधक द्वारा बताया गया कि व्यवसाय हेतु एपीडा से बात की जा रही है | उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन 200 से 250 Kg सब्जी का क्रय की जाती है तथा 10% की मार्जिन पर 210 से 220 Kg सब्जी की बिक्री कर दी जाती है | लाभ की मार्जिन बढाने तथा पंजियों के संधारण से सम्बन्ध में पृच्छा किये जाने पर संतोषजनक जबाव नहीं दिया गया | इस सम्बन्ध में श्री अजय तनेजा, राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा श्री राकेश शर्मा, राज्य प्रबंधक (पणन) को निदेश दिया गया कि हरित सब्जी संघ के द्वारा किये जा रहे व्यवसाय एवं उससे सम्बंधित पंजीओं के संधारण की जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध करावें |

   साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि व्यवसाय से सम्बंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु संघ को एक प्रपत्र उपलब्ध कराया जाय एवं चार दिन बाद संघ के कर्मी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगें |

3. CA एजेंसी के कर्मी द्वारा बताया गया कि संघ का कैश बुक 2021-22 तक अद्यतन किया गया है | 2020-21 तक अंकेक्षण हुआ है | 2022-23 तथा 2023-24 का Books of Account Maintain है | विभाग से ऑडिटर नहीं मिलने के कारण ऑडिट नहीं हुआ है | साथ ही वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लेखांकन के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं दी गयी |

4. हरित सब्जी संघ द्वारा संचालित दानापुर व्यापार मंडल में स्थित हब का क्रय-विक्रय का मिलान नहीं हुआ है | बताया गया हब पर कार्यरत अकाउंटेंट श्री विकास कुमार को जानकारी का अभाव रहने के कारण मिलान नहीं हुआ है | साथ ही यह भी बताया गया कि ईशा HR एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गए सहायक कर्मचारी (हब) श्री यशचंद्रा एक माह से अनुपस्थित है | इस सम्बन्ध में उनसे स्पष्टीकरण की माँग करते हुए संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पदमुक्त करने का निदेश दिया गया |

5. वेजफेड के एक्सिस बैंक के खाता की विवरणी प्राप्त करने का निदेश राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को दिया गया | इस हेतु उन्हें निदेश दिया गया कि वे एक्सिस बैंक को पत्र देकर बैंक विवरणी की माँग करें |

Sam

6. PVCS में लेखा संधारण में सुगमता लाने हेतु सभी PVCS की बैंक विवरणी प्राप्त करने के लिए जिले में कार्यभारित CA एजेंसी के कर्मी को अधिकृत करने एवं बिहार राज्य सहकारी बैंक, पटना को जिला सहकारी बैंकों से PVCS के बैंक विवरणी CA एजेंसी के कर्मियों को उपलब्ध कराने हेतु वेजफेड से पत्र देने का निदेश राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) को दिया गया |

7. CA एजेंसी को निदेश दिया गया कि उनके द्वारा अब तक कितने PVCS / संघ / वेजफेड का शत प्रतिशत लेखांकन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उसकी प्रति हार्ड कॉपी, सॉफ्ट कॉपी एवं अद्यतन टैली वेजफेड को उपलब्ध काराना सुनिश्चित करें | साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि CA एजेंसी के पास अब तक जितने भी PVCS / संघ / वेजफेड का अंकेक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध है उसकी हार्ड कॉपी की एक प्रति वेजफेड को उपलब्ध करावें |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार, पटना |

ज्ञापांक ....79....... दिनांक...15/01/2026

प्रतिलिपि:- 1.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें |

2. CA एजेंसी, सत्येन्द्र गुप्ता & एसोसिएट्स को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

3. श्री संजीव सुमन, पी० एम० यू० टीम लीडर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

4.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित |

5.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

6.मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित |

7.अध्यक्ष, हरित सब्जी संघ, पटना को सूचनार्थ प्रेषित |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार ,पटना |